कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: https://govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.06.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में प्रवेश शुरू

# इस वर्ष कटऑफ में बढ़ोत्तरी की संभावना

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस वर्ष प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिल रहे है जिससे कट ऑफ में बढ़ोत्तरी संभावित है।

जिले के सबसे बड़े कन्या महाविद्यालय में लगभग 1250 सीटों के लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिलते है। विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते है, मेरिट लिस्ट महाविद्यालय द्वारा निकाली जाती है।

विगत कई वर्षों से कन्या महाविद्यालय शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों के कारण छात्राओं की पहली पसंद रहा है जिसके कारण बी.कॉम. एवं बी.एससी. बॉयो में कटऑफ 80 प्रतिशत से अधिक रहता है।

इस सत्र से महाविद्यालय में तीन वर्षीय बी.बी.ए. का पाठ्यक्रम शुरू हो रहा है जिसमें 60 सीट में प्रवेश प्रारंभ है। इस पाठ्यक्रम में न्यूनतम 1490 रूपये वार्षिक शुल्क निर्धारित है। बी.बी.ए. पाठ्यक्रम शुरू करने वाला प्रदेश का इकलौता शासकीय महाविद्यालय है। जिसके लिए भी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे है।

महाविद्यालय में प्रदर्शनात्मक कला के क्षेत्र में संगीत, नृत्य एवं चित्रकला तथा मूर्तिकला के विषय भी छात्राओं के लिए रोजगारोपयोगी पाठ्यक्रम है।

महाविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण एवं कॅरियर से जुड़े वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम भी संचालित होते है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा के निरंतर प्रयास किए जा रहे है। भविष्य में महाविद्यालय को स्वशासी दर्जा तथा पीजी डिप्लोमा इन योगा, दर्शनशास्त्र, बायोटेक्नोलॉजी, एम.एस.डब्ल्यू. जैसे पाठ्यक्रम एवं वाणिज्य, रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र में शोधकेन्द्र प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)